# वीयू के कुलपति महोदय द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम Optimising wildlife health for sustainable conservation का किया गया शुभारंभ




स्कूल का वाइल्डलाइफ फॉरेंसिक एंड हेल्थ जबलपुर के तत्वाधान में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ दिनांक को किया गया जो पर्यावरण वन एवं जल परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित की गई है। मूलत optimising wildlife health for sustainable conservation विषय से संबंधित इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न प्रदेशों से आए हुए वन क्षेत्र के आसपास कार्यरत वेटरिनरी ऑफीसर भाग ले रहे हैं। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को वन जीवन की देखभाल एवं उनके स्वास्थ्य प्रबंधन से संबंधित जानकारी से अवगत कराना है एवं वन हेल्थ नीति के माध्यम से बढ़ावा देना है यह नीति मानव पशु और पर्यावरण के स्वास्थ्य के बीच अंतर संबंधों एवं स्थाई समाधान प्रदान करने का प्रयास है। इस प्रशिक्षण के तहत फील्ड टूर में प्रशिक्षण आरती कान्हा राष्ट्रीय उद्यान मंडला भ्रमण में मानव पशु और पर्यावरण के स्वास्थ्य के बीच अंतर संबंधों एवं स्थाई समाधान के बारे में भी जानेंगे।

यह प्रशिक्षण 9 से 11 दिसंबर 2025 तक चलेगी प्रशिक्षण का शुभारंभ मुख्य अतिथि नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर डॉ. मनदीप शर्मा जी द्वारा किया गया इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री ऋषि मिश्रा वन मंडल अधिकारी जबलपुर के साथ–साथ पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर के अधिष्ठाता डॉ. आर. के. शर्मा एवं स्कूल ऑफ वाइल्ड लाइफ फॉरेंसिक एंड हेल्थ जबलपुर की संचालिका डॉ. शोभा जावरे तथा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजक डॉ. देवेंद्र पोधाड़े एवं विश्वविद्यालय पदाधिकारी गानों के साथ स्कूल आफ वाइल्डलाइफ फॉरेंसिक एंड हेल्थ के अधिकारी उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन डॉ. निधि राजपूत द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन डॉ. काजल कुमार यादव द्वारा किया गया

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर